न्यूज़ सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-118
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, शुक्रवार 02 अगस्त 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में पहला आरोप पत्र दाखिल किया

### 13 के खिलाफ पहला चार्जशीट दायर, किसकी क्या भूमिका थी- CBI ने बताया




**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
पटना, सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 201, 409, 380, 411, 420 एवं 109 के तहत 13 आरोपी व्यक्तियों यथा नीतीश कुमार, अमित आनंद, सिकंदर यादवेंदु, आशुतोष कुमार-1, रोशन कुमार, मनीष प्रकाश, आशुतोष कुमार-2, अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार एवं आयुष राज के विरुद्ध दिनाँक 01.08.2024 को पहला आरोप पत्र दायर किया। याद रहे कि यह मामला शुरू में शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन, पटना में दिनाँक 05.05.2024 को दर्ज किया गया था एवं बाद में दिनाँक 23.06.2024 को सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया था। आरोपियों के विरुद्ध सबूत इकट्ठा करने के लिए सीबीआई ने उन्नत फोरेंसिक तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी फुटेज, टॉवर लोकेशन विश्लेषण आदि का उपयोग किया है।
सीबीआई अन्य आरोपियों/संदिग्धों के विरुद्ध एवं मामले के अन्य पहलुओं पर आगे की जांच जारी रखे हुए है। कई अन्य आरोपी पहले से ही पुलिस/न्यायिक हिरासत में हैं। जैसे ही इन आरोपियों/संदिग्धों के विरुद्ध आगे की जांच पूरी हो जाएगी, पूरक आरोप पत्र दायर किया/किए जाएंगे। सीबीआई ने इस मामले में अब तक 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 15 बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं एवं 58 स्थानों पर तलाशी ली गई है। इस मामले में दिन प्रतिदिन आधार पर जाँच जारी है।

## डीएम -एसपी ने व्यवसाईयों के साथ की बैठक

### व्यवसाईयों ने बताई अपनी समस्याएं हर संभव सहयोग करने की अनुरोध किया



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर डीएम पंकज कुमार, एसपी अंनत कुमार राय ने जिले के व्यवसाईयों के साथ की बैठक। व्यवसाईयों ने रखी अपनी समस्याएं।
समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिला पदाधिकारी पंकज कुमार और पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने व्यवसाईयों के साथ की बैठक, इस दौरान नगर परिषद के सभापति राजन नंदन सिंह भी रहे मौजूद ,
बैठक में शहर में लगने वाली जाम की समस्या, शहर के विभिन्न समस्याओं से नगर परिषद अध्यक्ष राजन नन्दन सिंह ने अधिकारियों को कराया अवगत। उन्होंने व्यवसाईयों के समस्याओं पर सदन में प्रकाश डाला।
चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रेसिडेंट रमाकांत प्रसाद गुप्ता ने शहर के समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि व्यवसाईयों की सुरक्षा, शहर में जाम समस्याएं सहित अन्य समस्या को रखते हुए हर संभव सहयोग करने की अनुरोध किया।
व्यवसाईयों ने अपनी अपनी समस्याओं को अधिकारियों के पास रखा, मौके पर डीडीसी अतुल कुमार वर्मा, एसडीएम अविनाश कुणाल, एसडीपीओ अनिल कुमार,नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी भी रहे मौजूद
बैठक में व्यवसाय शिवजी प्रसाद गुप्ता, नंदन गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुधीर कुमार गुप्ता, शशि भूषण चौधरी, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता सहित जिले के व्यावसायिक मौजूद रहे।

## खान सर की कोचिंग में जांच करने पहुंची टीम

### मच गई अफरा-तफरी, कागज दिखाने को मांगा एक दिन का समय



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
पटना, दिल्ली में कोचिंग हादसे के बाद बिहार के पटना में प्रशासन एक्शन मोड में है. इसी को लेकर स्त्रद्व खान सर तस रिसर्च सेंटर में भी गए, लेकिन खान सर को ढूंढ़ने में पसीने छूट गए. खान सर की कोचिंग में 10 मिनट तक स्त्रद्व को खान सर के लोग घुमाते रहे. एसडीएम ने कहा कि खान सर ने अपने कोचिंग का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिखाने के लिए एक दिन का समय मांगा है.
खान सर के कोचिंग सेंटर में पहुंचे पटना एसडीएम.खान सर के कोचिंग सेंटर में पहुंचे पटना एसडीएम. दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद बिहार के पटना में भी प्रशासन चौकन्ना है. यहां लगातार कोचिंग संस्थानों की जांच की जा रही है. कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में है. अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान कई कोचिंग सेंटरों में खामी मिली है. इसी दौरान एसडीएम चद्धड्डठ्ठ स्द्बह्न के कोचिंग सेंटर पर जांच करने पहुंच गए. इस दौरान अफरा-तफरी मच गई.
जानकारी के अनुसार, दिल्ली के राजेंद्र नगर के कोचिंग में हुई घटना के बाद पटना के स्ठ्ठरू श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर दल बल के साथ कई कोचिंग संस्थानों की जांच करने निकले. इस दौरान जांच टीम खान सर की कोचिंग में भी जायजा लेने पहुंची.

## बिहार में आज मनाई जाएगी सावन शिवरात्रि

### जानिए जल चढ़ाने का समय



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
सावन का पवित्र महीना चल रहा है. इस महीने में शिवलिंग का जलाभिषेक करने का खास महत्व होता है. जिसके वजह से इस महीने में भोले के भक्त कावड़ के साथ गंगाजल लाते है और सावन शिवरात्रि पर इस जल को शिवलिंग पर चढ़ाते है.
इस साल सावन माह की शिवरात्रि 2 अगस्त यानी शुक्रवार को मनाई जाएगी. ये शिवरात्रि भगवान शिव को समर्पित होती है. इस दिन महादेव की पूजा अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है. कहा जाता है कि सावन माह में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से भक्तों को महादेव की असीम कृपा प्राप्त होती है. वैसे तो सावन का पूरा महीना ही भगवान शिव को समर्पित है. भगवान शिव के भक्तों के लिए पूजा करने के लिए ये महीना भी काफी शुभ होता है. लेकिन सावन महीने में आने वाली शिवरात्रि का खास महत्व होता है. सावन शिवरात्रि की शुरुआत 2 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 26 मिनट पर होगी और इसका समापन 3 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर होगा. इसलिए सावन माह की शिवरात्रि यानी कावड़ जल 2 अगस्त शुक्रवार को चढ़ाया जाएगा.

## आरटीआई के प्रश्नोंत्तर से क्या समस्याओं का हो रहा समाधान



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर शिवहर जिले में तकरीबन 2500 से अधिक मामलों को लेकर शिवहर जिले के नगर परिषद शिवहर के मिश्रा टोली निवासी समाजसेवी व युवा आरटीआई कार्यकर्ता मुकुंद प्रकाश मिश्रा के द्वारा आरटीआई के तहत सरकारी महकमा से प्रश्नोत्तर किया गया है। क्या आरटीआई के प्रश्नोंत्तर से समस्याओं का हो रहा समाधान। क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह आरटीआई सिर्फ जवाब देने भर कर रह गया है।
गौरतलब हो कि कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले सकता है, बस शर्तें यह होती है कि आरटीआई के तहत पूछे जाने वाली जानकारी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। आरटीआई फाइल ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही तरीके से किया जा सकता है। 15 जून 2005 को इस अधिनियमित किया गया और पूर्ण तथा 12 अक्टूबर 2005 को संपूर्ण धाराओं के साथ सूचना का अधिकार लागू किया गया है तथा 10 जनवरी 2007 को सूचना का अधिकार अधिनियम का सहारा लिया गया। बिहार सरकार ने प्रशासनिक पारदर्शिता के क्षेत्र में विशिष्ट पहल करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 29 जनवरी 2007 को सुविधाओं का केंद्र की स्थापना की गई थी।
जिले के मुकुंद प्रकाश मिश्रा ने अब तक के सबसे ज्यादा रिकॉर्ड तोड़ सूचना के अधिकार के तहत प्रशासनिक पदाधिकारीयों से तकरीबन 2500 से अधिक मामले का उठाया गया है। मुकुंद प्रकाश मिश्रा के द्वारा बताया गया कि अब तक 50 मामले पर ही प्रशासनिक पदाधिकारीयों के द्वारा कार्रवाई की गई है।
पुस्तकालय ,सड़क निर्माण, संस्कृत विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति, मातृ शिशु अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति, व्यवस्था, चारदीवारी निर्माण, शहीद स्थल की अपेक्षा, राशन, तरियानी छपरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैद्यनाथ रेफरल हॉस्पिटल निर्माण, सहित शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग ,कृषि विज्ञान केंद्र, पशु चिकित्सालय, बिजली ,जिले के विभिन्न गांव के सड़क निर्माण, नाला-नाली, सरकारी बस की स्थिति, रेलवे, सहित तकरीबन 2500 से अधिक समस्याओं के समाधान को लेकर आरटीआई के तहत प्रश्नोंत्तर किया गया है।
खुद को बेरोजगार 30 बर्षिय शिवहर जिले सहित आसपास के जिलों में आरटीआई कार्यकर्ता के नाम से विख्यात मुकुंद प्रकाश मिश्रा ने बताया है कि जिले के विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आरटीआई के माध्यम से प्रशासनिक पदाधिकारीयों को ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की गई है। ताकि समस्याओं का निष्पादन हो सके। परंतु, दुख की बात है कि पदाधिकारी खुद को आरटीआई के माध्यम से समस्याओं से अवगत होते हैं और जवाब भी देते हैं पर समाधान नहीं करते.....?

## फतेहपुर मठ से कहतरवा मिर्ज़ापुर धोबाही हिरौता दुम्मा मुंशी चौक होते हुए तरियानी पथ निर्माण तथा चौड़ीकरण से संबंधित मामला लोक शिकायत में निष्पादित



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर फतेहपुर मठ से कहतरवा मिर्ज़ापुर धोबाही हिरौता दुम्मा मुंशी चौक होते हुए तरियानी पथ निर्माण तथा चौड़ीकरण से संबंधित मामला लोक शिकायत में निष्पादित हो गया ।
दरअसल ,आरटीआई कार्यकर्ता मुकुन्द प्रकाश मिश्र द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत शिवहर से फतहपुर मठ (मथुरापुर) से कहतरवा मिर्जापुर धोबाही दुम्मा हिरौता होते हुए तरियानी चौक तक जाने वाला सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में है जिसका निर्माण तथा चौड़ीकरण कराने के संबंध में परिवाद दायर किया गया है।
उक्त के आलोक में ज्ञापांक 40311- 20117 दिनांक 25.जून 2024 दारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, शिवहर को नोटिस निर्गत किया गया। आज दिनांक 31.07.2024 को परिवादी उपस्थित और लोक प्राधिकार के प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार कनिय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, शिवहर उपस्थित हुए।
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, शिवहर ने अपने पत्रांक 1180/ शिवहर दिनांक 29.07.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि प्रश्नाधीन पथ शिवहर (फतहपुर मठ) से कहतरवा, मिर्जापुर थोबाही, दुम्मा हिरीता होते हुए से तरियानी चौक तक इस प्रमंडल के तीन पथों एवं पथ निर्माण विभाग के एक पथ से संबंधित है।
(1) शिवहर (फतहपुर मठ) से कहतरवा चौक: यह फतेहपुर से कौड़िया लालगढ़ पथ का पथांश है, पथ का एकरारनामा संवेदक मेसर्स साईं इंटरप्राईजेज के द्वारा किया गया है एवं पथ का निर्माण कार्य दिनांक-22.06.2021 को पूर्ण किया गया है। वर्तमान में पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि में है। पथ का अनुरक्षण कार्य करने हेतु कार्यालय के पत्रांक-349 है दिनांक-02.03.2024, पत्रांक-1097 दिनांक-11.07.2024 एवं पत्रांक-1155 दिनांक 23.07.2024 के संवेदक को निर्देशित किया गया है। संवेदक द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराये जाने की स्थिति में एकरारनामा के शर्तों के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।
(2) कहतरवा से अटकोनी- यह पथ कहतरवा से किशनपुर पार्ट-1 के नाम से स्वीकृत है। पथ की कुल लंबाई 7.850 कि0मी0 है पथ का एकरारनामा किया जा चुका है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 23.01.2024 एवं समाप्ति की तिथि 22.10.2024 है। पथ के 3.30 कि0मी0 लंबाई में कालीकरण का कार्य पूर्ण करा लिया गया है । शेष लंबाई में निर्माण कार्य प्रगति पर है निर्धारित समय में कार्य को पूर्ण करा लिया जाएगा ।
(3) अटकोनी से मुंशी चौक- यह पथ किशनपुर से अटकोनी पथ का पथांश है, जिसकी लंबाई लगभग 4 कि0मी0 है। पथ के पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्राक्कलन तकनीकी अनुमोदनोपरांत मुख्य अभियंता-3, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-1102 दिनांक-01.03.2023 के द्वारा अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को समर्पित किया गया है। पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति उपरांत पथ का कार्य करा लिया जाएगा ।
(4) मुंशी चौक से तरियानी चौक- यह पथ ग्रामीण कार्य विभाग के क्षेत्राधिकार में नहीं पड़ता है यह पथ निर्माण विभाग से संबंधित है। उक्त प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया एवं प्रतिवेदन से परिवादी को अवगत कराया गया। प्रतिवेदन से परिवादी संतुष्ट नजर आये ।

## तरियानी छपरा में प्राइवेट स्कूल का मिनी वाहन पलटा

### एक बच्चे का हुआ हाथ फैक्चर



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ**
शिवहर, शिवहर तरियानी छपरा क्षेत्र के तरियानी छपरा में एक प्राइवेट स्कूल का निजी मिनी वाहन गढ्डा में पलट जाने से अफरातफरी मच गई। जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया अर्पणा सिंह ने बताया है कि सभी बच्चे सुरक्षित है।
थाना अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया है कि तुरंत सभी 11 बच्चों को उपचार कराने को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरियानी भेजा गया, जहां से 9 बच्चे सुरक्षित पाए गए उसको घर भेज दिया गया। तथा दो बच्चे में से एक बच्चे का हाथ फैक्चर हो गई है। जिसका इलाज किया जा रहा है।
अनियंत्रित होकर पलट गई ,बंसी पचरा के एक निजी स्कूल का मिनी वाहन बताया गया है।
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, शिवहर के प्रतिवेदन के आलोक में वाद को स्वीकृत करते हुए निष्पादित किया गया है ।